अमर उजाला 18/09/2022

# थिएटर वर्कशॉप में सिखाए मंच के गुर

अंबाला। जीएमएन कॉलेज अंबाला में कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग ने थिएटर वर्कशॉप का का आयोजन किया। डायरेक्टर अशोक लहरी के निर्देशन में वर्कशॉप का शुभारंभ कॉलेज के वित्त सचिव आलोक गुप्ता ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेना चाहिए। इससे उनके भीतर छिपी हुई प्रतिभा बाहर निकलती है। प्रिंसिपल डॉ. वीके जैन ने कहा कि ऐसी कार्यशालाएं भविष्य में बहुत सहायक होंगी। थियेटर वर्कशॉप कलाकारों को अपनी पर्सनैलिटी डेवलपमेंट करने में सहायता करेगी। इस मौके पर डॉ. एसएस नैन, डॉ. अनुराधा, डॉ. मंजीत, डॉ. सीपी पुनिया, डॉ. रितु, डॉ. अमित, डॉ. अनीश, वरुण गुप्ता आदि मौजूद रहे। संवाद